# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**मंगलवार दिनांक 29.03.2022 को अपरान्ह् 12.30 बजे कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुये चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के परिसर में स्थित बृहस्पति भवन में आयोजित कार्य परिषद की 03/2022 बैठक का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति :–**

1. प्रो0 संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। **(अध्यक्ष)**
2. प्रो0 वाई0 विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
3. डॉ0 दर्शन लाल, 112ए, न्यू देतपुरी, अनुराग सिनेमा के समीप, बागपत रोड़ मेरठ–250002।
4. डॉ0 अरूण कुमार सिंह, सी0–46, न्यू सिविल लाइन्स, गुरदेव पैलेस के समीप, कानपुर–208024।
5. प्रो0 हरिभाऊ गोपीनाथ खण्डेकर, पूर्व कार्यपरिषद सदस्य लखनऊ विश्वविद्यालय, 36/70, बंगाली मोहाल, कानपुर।
6. डॉ0 अंजली मित्तल, संकायाध्यक्ष–विधि, मेरठ कॉलेज मेरठ।
7. डॉ0 आर0सी0 गुप्ता, संकायाध्यक्ष, चिकित्सा, एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कॉलेज, मेरठ।
8. प्रो0 दिनेश कुमार, आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
9. प्रो0 रविन्द्र कुमार, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
10. प्रो0 आर0के0 सोनी आचार्य, रसायन विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
11. प्रो0 विजय मलिक, आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
12. प्रो0 हरे कृष्ण, आचार्य, सांख्यिकी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
13. डॉ0 रमाकान्त, सहयुक्त आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
14. डॉ0 सचिन कुमार, सहा0 आचार्य, अनुवांशिकी एवं पादक प्रजनन विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
15. डॉ0 दीपशिखा, भूगोल विभाग, आर0 जी0 कॉलेज मेरठ।
16. डॉ0 (श्रीमति) स्मृति दानी, गृह विज्ञान विभाग, आर्य कन्या पाठ्शाला, हापुड।
17. डॉ जीनत जैदी, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय बी0बी0 नगर, बुलन्दषहर।
18. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
19. श्री धीरेन्द्र कुमार, कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। **(सचिव)**

**विशेष आमन्त्रित :–**

1. डॉ0 अश्वनी कुमार, परीक्षा नियन्त्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
2. प्रो0 प्रशान्त कुमार, निदेशक, तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल।

**मद संख्या–1** विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक दिनांक 26.02.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। (संलग्नक–1)

**संकल्प–** कार्य परिषद के समक्ष बैठक दिनांक 26.02.2022 के मद संख्या–7 पर लिये गये निर्णय को प्रस्तुत किया गया। उक्त निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित सीड साईंस एण्ड टैक्नोलोजी विभाग में सहायक आचार्य/शिक्षण सहायक का पद न होने के कारण सहायक आचार्य का पद सृजित किये जाने का अनुरोध किया गया था। कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 26.02.2022 में मद संख्या 07 पर तद्समय उत्तर प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण हेतु स्थगित किया गया था। आज पुनः मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में एम0एल0सी0 चुनाव होने के कारण आचार संहिता लागू हैं। अतः उक्त प्रकरण आगामी कार्य परिषद की बैठक हेतु स्थगित किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त कार्य परिषद की बैठक दिनांक 26.02.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।



Scanned with CamScanner

**मद संख्या–9** सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) के पत्रांक सम्बद्धता/4544, दिनांक 25.03.2022 में उल्लिखित सचिव, इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टैक्नोलोजी, गेझा, मेरठ के पत्र दिनांक 02.03.2022 द्वारा उन्होंने संस्थान में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0एससी0 (गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम की सम्बद्धता समाप्त किये जाने का अनुरोध किया है तथा यह भी अवगत कराया है कि संस्थान में विगत 05 वर्षो में मात्र 05 प्रवेश ही हो पाये हैं, जिस कारण उक्त पाठ्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करना सम्भव नही है, जो कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–09)

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टैक्नोलोजी, गेझा, मेरठ में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0एससी0 (गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी कि सम्बन्धित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम को इसी संस्थान में पूर्ण करेंगें तथा उनकी उपाधि उक्त संस्थान से ही पूर्ण करायी जायेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त वर्णित छात्रों के पाठ्यक्रम की अवधि समाप्त होने के पश्चात ही उक्त पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित एफ0डी0आर0, जो कि कुलसचिव के नाम बन्धक है, को अवमुक्त किया जायेगा।

**(कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)**

**मद संख्या–10** सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) के पत्रांक सम्बद्धता/4545, दिनांक 25.03.2022 में उल्लिखित सचिव, आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एप्लाइड साइंसेज, गाजियाबाद के पत्र अदिनांकित दिनांक द्वारा उन्होंने संस्थान में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) पाठ्यक्रम की सम्बद्धता शैक्षिक सत्र 2021–22 से समाप्त किये जाने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थान जनपद गाजियाबाद में स्थित है परन्तु विभागीय त्रुटि के कारण उक्त संस्थान के जनपद का नाम गाजियाबाद के स्थान पर ग्रेटर नोएडा अंकित हो गया है। सन्दर्भित प्रकरण को कार्य परिषद की बैठक दिनांक 22.01.2022 के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके संकल्प संख्या–11(5) में त्रुटिवश आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एप्लाइड साइंसेज, गाजियाबाद के स्थान पर आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एप्लाइड साइंसेज, ग्रेटर नोएडा अंकित हो गया है। अतः उक्त प्रकरण पुनः कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–10)

**संकल्प–** कार्य परिषद की बैठक दिनांक 22.01.2022 के संकल्प संख्या–11(5) में पारित निर्णय के अनुसार आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एप्लाइड साइंसेज, ग्रेटर नोएडा के बी0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) एवं एम0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की स्वीकृति सशर्त प्रदान की गयी थी। टंकण त्रुटि के कारण उपरोक्त वर्णित सम्बद्ध संस्थान को ग्रेटर नोएडा में स्थित बताया गया था जबकि उक्त संस्थान जनपद गाजियाबाद में स्थित है। अतः कार्यपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 22.01.2022 में संकल्प संख्या 11(5) में उल्लिखित स्थान ग्रेटर नोएडा को गाजियाबाद संशोधित किया जाए।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा**

**मद संख्या–11** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विभागों के विभागाध्यक्षों/निदेशकों/समन्वयकों के द्वारा उनके पाठ्यक्रम/विभाग में कार्यरत



Scanned with CamScanner

संविदा शिक्षण सहायक एवं चयनित शिक्षणों के सेवा विस्तारण/पुनर्नियोजन के सन्दर्भ में आकलन आख्या सुसंगत संकायाध्यक्षों के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी। संकायाध्यक्षों द्वारा उक्त आख्या एवं शासनादेश संख्या–2/2020/226/सत्तर–2020–18(31)/2018, दिनांक 13 मार्च, 2020 के परिशीलोपरान्त अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी, जोकि संलग्न है। सुसंगत संकायाध्यक्षों द्वारा जो संस्तुतियाँ की गयीं वह निम्नवत् हैः–

01. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विभागों के विभागाध्यक्षों/निदेशकों/समन्वयकों की संस्तुति के आधार पर इन पाठ्यक्रमों/विभागों में कार्यरत शिक्षण सहायकों को उनकी सेवा में 15 दिन का व्यवधान देते हुए, सेवा विस्तारण किया जाए। यह सेवा विस्तारण सुसंगत पाठ्यक्रम के संचालित होने तक अथवा उनकी सेवाओं को संतोषजनक पाए जाने तक किया जाना नियमानुसार होगा।
02. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विभागों के विभागाध्यक्षों/निदेशकों/समन्वयकों की संस्तुति के आधार पर इन पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा सृजित पदो के सापेक्ष चयनित शिक्षकों को उनकी सेवा में 01 दिन का व्यवधान देते हुए, सेवा विस्तारण किया जाए। यह सेवा विस्तारण संगत पाठ्यक्रम के संचालित होने तक अथवा उनकी सेवाओं को संतोषजनक पाए जाने तक किया जाना नियमानुसार होगा।
03. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विभागों में कार्यरत शिक्षण सहायकों व चयनित शिक्षकों के द्वारा किये गये शिक्षण कार्य का मूल्यांकन (Performance appraisal) नियमित रूप से प्रतिवर्ष किया जाना उचित होगा। (संलग्नक–11)

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विभागों के सम्बन्धित शिक्षण सहायक एवं चयनित शिक्षकों की सूची निम्नवत् हैः–

| S.N | TEACHER NAME | DESIGNATION | DEPARTMENT/ COURSE |
|---|---|---|---|
| 1 | Shri Shivam Goyal | Asst. Proff. | ME Branch ( SCRIET) |
| 2 | Shri Vivek Mishra | Asst. Proff. | ME Branch ( SCRIET) |
| 3 | Ms. Beenu Yadav | Asst. Proff. | CS. Branch ( SCRIET) |
| 4 | Shri Aman Kumar | Asst. Proff. | CH. Branch ( SCRIET) |
| 5 | Dr. Ajay Kumar | Teaching Asst. | Plant Protection |
| 6 | Dr.Shalu | Teaching Asst. | Geography |
| 7 | Dr. Dinesh Pawar | Asst. Proff. | Microbiology |
| 8 | Dr. Kapil Swami | Asst. Proff. | Microbiology |
| 9 | Dr. Shashank Rana | Asst. Proff. | Microbiology |
| 10 | Dr. Devendra kumar | Asst. Proff. | Microbiology |
| 11 | Dr. Ashwani Sharma | Asst. Proff. | Microbiology |
| 12 | Dr. Dilshad Ali | Teaching Asst. | Microbiology |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | Dr. Ajay Kumar Shukla | Teaching Asst. | Microbiology |
| 14 | Dr. Laxam Nagar | Asst. Proff. | Microbiology |
| 15 | Dr. Nikhil Kumar | Asst. Proff. | B.Sc (Hons) Chemistry |
| 16 | Dr. Meenu Teotia | Asst. Proff. | B.Sc (Hons) Chemistry |
| 17 | Dr. Varsha Gautam | Teaching Asst. | Physical Education |
| 18 | Dr. Shalini Dhama | Asst. Proff. | Fine Arts |
| 19 | Dr. Purnima Vashishtha | Asst. Proff. | Fine Arts |
| 20 | Dr. Dhanpal | Teaching Asst. | Institute of Legal Studies |
| 21 | Dr. Mahipal Singh | Teaching Asst. | Institute of Legal Studies |
| 22 | Dr. Sushil Kumar Sharma | Teaching Asst. | Institute of Legal Studies |
| 23 | Dr. Minakshi | Teaching Asst. | Institute of Legal Studies |
| 24 | Dr. Manisha Bhardwaj | Teaching Asst. | Chemistry |

प्रकरण मा0 कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प—** कार्य परिषद द्वारा उपरोक्त स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठयक्रमों/विभागों के सम्बन्धित शिक्षण सहायक एवं चयनित सहायक आचार्यो के द्वारा किये गये शिक्षण कार्य का मूल्यांकन (Performance appraisal) नियमित रूप से प्रतिवर्ष किये जाने हेतु निम्न समिति का गठन किया :—

1. सम्बन्धित विषय के संकायाध्यक्ष
2. सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
3. मा0 कुलपति जी द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ

उक्त समिति विभागों में कार्यरत शिक्षण सहायक/चयनित स्ववित्त पोषित सहायक आचार्यो के शिक्षण कार्य व अन्य गतिविधियों का मूल्यांकन कर प्रतिवर्ष अपनी आख्या माननीय कुलपति जी के समक्ष प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में 01, जून तक प्रस्तुत करेगी।

कार्य परिषद द्वारा शासनादेश संख्या—2/2020/226/सत्तर—2020—18(31)/2018, दिनांक 13 मार्च, 2020 को अपनी बैठक दिनांक 02.05.2020 में स्वीकार किया जा चुका है। इस आलोक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में तथा सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत जो पाठयक्रम, जबतक संचालित रहेंगें तब तक उक्त पाठयक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की सेवाऍ, उनके संतोषजनक सेवा प्रदान करने तक, यथावत रहेंगी। इस प्रकार यह भी निर्णय लिया गया कि मद में उल्लिखित शिक्षण सहायकों को 15 दिन का व्यवधान देते हुए उनका सेवा विस्तारण किया जाए तथा उल्लिखित सहायक आचार्यो को 01 दिन का व्यवधान देते हुए उनका सेवा विस्तारण किया जाए।

उक्त के अतिरिक्त कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बी0एससी0 ऑनर्स, (रसायन), बी0ए0 आनर्स (अर्थशास्त्र) तथा बी0ए0 आनर्स (हिन्दी) को यथावत संचालित किये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा**

**मद संख्या—12** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा बी0ए0 एल0एल0बी0 (पाँच वर्षीय) तथा एल0एल0एम0 पाठयक्रम संचालित किया जा रहा है। उक्त इंस्टीट्यूट के समन्वयक के अनुरोध एवं संकायाध्यक्ष विधि, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की संस्तुतियों के



Scanned with CamScanner

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा कौशल विकास पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के स्तर पर रू0 250/– प्रति सेमेस्टर (बिना किसी वित्तीय लाभ–हानी) शुल्क के रूप में प्राप्त किये जाने तथा उक्त धनराशि को आय का स्रोत ना माने जाने का निर्णय पारित किया गया।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक/परीक्षा) द्वारा**

**मद संख्या–15** उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर संचालित नवाचार केन्द्र का पंजीकरण कम्पनी अधिनियम की धारा–8 के अन्तर्गत किये जाने हेतु प्रकरण मा0 कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–15)

**संकल्प–** कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न विडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा बैठकों में इस आशय के निर्देश पारित किये गये है कि विश्वविद्यालय स्तर पर संचालित नवाचार केन्द्र का पंजीकरण कम्पनी अधिनियम की धारा–8 के अन्तर्गत किया जाए। कार्यपरिषद द्वारा उक्त निर्देशों का संज्ञान लेते हुए समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रो0 हरे कृष्ण जो कि नवाचार केन्द्र के संयोजक है, इस समिति के सयोजक होगें। समिति में अन्य सदस्य निम्नवत् होगे।

02. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट

03. कम्पनी लॉ विशेषज्ञ

कार्यपरिषद द्वारा मा0 कुलपति महोदया को इस समिति के सदस्यों को नामित किये जाने हेतु अधिकृत किया गया। समिति से अपेक्षा है कि वह यथाशीघ्र अपनी आख्या मा0 कुलपति महोदया को अवगत कराए।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता/शैक्षणिक) द्वारा**

**मद संख्या–16** उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 428/सत्तर–4–2022, दिनांक 11 मार्च, 2022 द्वारा विभिन्न विषयों में सेन्टर आफ एडवांस्ड स्टडीज की स्थापना किये जाने हेतु प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किये जाने हेतु संकायाध्यक्षों की एक बैठक दिनांक 14.03.2022 को आहूत हुई, जिसमें "सेन्टर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन ट्रान्सलेशनल रिसर्च" विषय/शीर्षक को प्रस्तावित किया गया, जिसको माननीय कार्य परिषद के अनुमोदनोपरान्त उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–16)

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश शासन उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 428/सत्तर–4–2022, दिनांक 11 मार्च, 2022 द्वारा विभिन्न विषयों में सेन्टर आफ एडवांस्ड स्टडीज की स्थापना किये जाने हेतु प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किये जाने हेतु सकायाध्यक्षो की बैठक दिनांक 14.03.2022 में प्रस्तावित "सेन्टर ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन ट्रान्सलेशनल रिसर्च" शीर्षक को अनुमोदन प्रदान किया तथा उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

29-03-2022

कुलसचिव

सचिव, कार्य परिषद

(Arshad Husain)

PUNEET SHARMA



Scanned with CamScanner